भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1346

जिसका उत्तर 22 सितम्बर, 2020 को दिया जाना है।

31 भाद्रपद, 1942 (शक)

डिजिटल इण्डिया इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत लाभ

1346. श्री सतीश चंद्र दुबे :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डिजिटल इण्डिया इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत अभी तक कितने क्षेत्रों को लाभ प्राप्त हुआ है;

(ख) बिहार में इस योजना से कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं; और

(ग) पूरे देश में डिजिटल इण्डिया इन्टर्नशिप योजना का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) : अभी तक डिजिटल इंडिया इंटर्नशिप योजना से कुल 67 विद्यार्थियों को लाभ मिला है।

(ख) और **(ग)** : डिजिटल इंडिया इंटर्नशिप योजना ने स्लॉटों की संख्या (2018 के लिए 25 और 2019 के लिए 50) नियत किया है और सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से पात्र विद्यार्थी इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं।

*****